संख्या. ए-30012/03/2024- समन्वय

भारत सरकार

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ,

नई दिल्ली, दिनांक 21.03.2024

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: फरवरी, 2024 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – तत्संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को फरवरी, 2024 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

<u>संलग्नक: यथोपरि</u> ।

(आनंद जोशी)

अवर सचिव भारत सरकार

दूरभाष . 23455208

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव
ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।
iii. प्रधान निजी सचिव, अपर महा निदेशक (एससीडी), सांख्यिकी भवन, 'सी' ब्लॉक, प्रथम तल , एमवी मार्ग, दिल्ली।
iv. अपर महा निदेशक, IIICU, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के प्रधान निजी सचिव ।
v. उप महा निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन स्कन्ध), आर.के. पुरम, नई दिल्ली के प्रधान निजी सचिव ।

अन्य प्रतिलिपि :

डीआईआईडी (कंप्यूटर केंद्र सहित), लेवल-3, पूर्वी ब्लॉक-10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मासिक सारांश अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की फरवरी, 2024 माह की प्रमुख पहलें और उपलब्धियां ।**

मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय आय के द्वितीय अग्रिम अनुमानों (एसएई), वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही (तीसरी तिमाही) के लिए सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) के तिमाही अनुमान उनके व्यय घटकों के साथ और राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण के निम्नलिखित संशोधित अनुमानों पर प्रेस नोट जारी किया।

(क) वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रथम संशोधित अनुमान (एफआरई)

(ख) वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए द्वितीय संशोधित अनुमान (एसआरई) और अंतिम अनुमान

(ग) वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए तृतीय संशोधित अनुमान (टीआरई) और अंतिम अनुमान

ये अनुमान राष्ट्रीय लेखाओं के जारी कैलेण्डर के अनुसार स्थिर (2011-12) और वर्तमान दोनो मूल्यों पर जारी किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, एसआरई पर अंतिम अनुमानो के रूप में विचार किया जाना निर्धारित किया गया है। तद्नुसार अब से टीआरई को प्रस्तुत करने की रीति समाप्त की जाएगी । अतः वर्ष 2020-21 के तृतीय संशोधित अनुमान और वर्ष 2021-22 के द्वितीय संशोधित अनुमान से संबंधित वर्षों के लिए अंतिम अनुमान है । वर्ष 2023-24 में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर वास्तविक जीडीपी या जीडीपी वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी के 160.71 लाख करोड रुपए की प्रथम संशोधित अनुमानों की तुलना में 172.90 लाख करोड़ के स्तर तक पंहुचने का अनुमान है । वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर वर्ष 2022-23 में 7.0 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है । वर्ष 2023-24 में वर्तमान मूल्यों पर सांकेतिक जीडीपी या जीडीपी 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाते हुए वर्ष 2022-23 के 269.50 लाख करोड रुपए की तुलना में 293.90 लाख करोड़ रुपए स्तर तक पहुंचने का अनुमान है।

2. मंत्रालय ने **12 मार्च 2024** को **फरवरी, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए और **जनवरी 2023** (अंतिम) महीने के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **आधार 2012=100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/समूहों की कीमतों में उत्तार-चढाव जारी किए । ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **फरवरी, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 187.4, 184.0 और 185.8 थे, जो क्रमशः 5.34%, 4.78% और 5.09% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाते हैं । **जनवरी, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.34%, 4.92% और 5.10% थीं।

3. ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **फरवरी, 2024** (अनंतिम) माह हेतु अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 187.1, 193.7 और 189.5 था । ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र के लिए **फरवरी, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए सीएफपीआई हेतु अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर क्रमशः 8.21%, 9.12% और 8.66% थी । **जनवरी, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु तद्नुरूपी मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 7.91%, 9.02% और 8.30% थीं।

4. **जनवरी**, **2024** महीने के आधार वर्ष 2011-12 के साथ अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) (त्वरित अनुमान) **12 मार्च, 2024** को जारी किए जा चुके हैं और यह 153.0 रहा।

5. मंत्रालय ने माह के दौरान निम्नलिखित प्रकाशनों को जारी किया है:

(i) मंत्रालय ने 23 फरवरी, 2024 को भारत में पेरोल रिपोर्टिंग: रोजगार परिदृश्य– दिसबंर 2023 जारी किया ।

(ii) वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2021-22 और 2020-21 के अंतिम परिणाम ।

(iii) घरेलू उपयोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 की फैक्टशीट जारी की गई है ।

क्रमशः -2-

6. इस मंत्रालय द्वारा **फरवरी, 2024** माह के लिए ऑनलाइन कम्प्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली (ओसीएमएस) के अंतर्गत निगरानी की गई केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के प्रमुख बिंदु निम्नांकित हैं:

| | |
|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या | 1902 |
| वास्तविक लागत की तुलना में लागत वृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 443 |
| समयावृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 764 |
| पूर्ण दर्ज की गई परियोजनाओं की संख्या | 20 |
| मार्च 2023 तक संचयी व्यय | 1302565.66 करोड़ रू. |
| वर्तमान माह (फरवरी, 2024) के दौरान व्यय | 34633.52 करोड़ रू. |
| फरवरी, 2024 तक व्यय सीएफवाईआर | 374173.34 करोड़ रू. |
| फरवरी, 2024 तक संचयी व्यय | 1676739 करोड़ रू. |

7. अवसंरचना क्षेत्रों के निष्पादन पर नवीनतम समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 22-23 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-जनवरी वित्तीय वर्ष 23-24 में प्रासंगिक मापदंडों यथा **[विद्युत]** विद्युत उत्पादन **(+6.84%), [कोयला]** कोयला उत्पादन **(+11.21%), [इस्पात]** तैयार स्टील का उत्पादन **(+13.23%), [सीमेंट]** सीमेंट उत्पादन **(+8.95%), [उर्वरक]** नाइट्रोजन , फॉस्फेट और यूरिया उत्पादन **(+10.40%), [पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** संसाधित कच्चा तेल **(+2.74%), [पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** प्राकृतिक गैस उत्पादन **(+5.22%), [सड़कें]** एनएचएआई द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **( +27.09%),** राज्य पीडब्ल्यूडी और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों का उन्नयन **(+11.45%), [रेलवे]** संभाला गया यात्री यातायात **(+8.54%), [रेलवे]** गेज दोहरीकरण और नई लाइनें **(+67.24%), [रेलवे]** माल ढुलाई द्वारा अर्जित राजस्व **(+4.33%), [पोत परिवहन]** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कुल कार्गो **(+4.75%),** प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कोयला **(+2.68%), [नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया निर्यात कार्गो **(+11.38%), [नागर विमानन]** अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनलों पर संभाला गया यात्री यातायात **(+23.47%), [नागर विमानन]** घरेलू टर्मिनलों पर संभाला गया यात्री यातायात **(+15.34%), [दूरसंचार]** नेट नए वायरलाइन टेलीफोन कनेक्शन **(-0.30%), [दूरसंचार]** नेट नए वायरलेस कनेक्शन **(+1588.97%) और [दूरसंचार]** बेस ट्रांसीवर स्टेशनों सहित टावर्स **(+141.74%)** में सकारात्मक वृद्धि दर देखी गई है । तथापि, जिन मापदंडों में नकारात्मक वृद्धि दर देखी गई है, वे हैं **[पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस]** कच्चे तेल का उत्पादन **(-0.17%), और [नागर विमानन]** हवाई अड्डों पर संभाला गया आयात कार्गो **(-0.35%)** और दूरसंचार नेट नए वायरलाइन टेलीफोन कनेक्शन **(-0.30%)** ।

****